## एक नजर में

### जगदीश प्रसाद गुप्ता का निधन



**पडाना 05 मार्च, सं.** नगर के सदर बाजार में निवासरत हंसमुख मिलनसार सेवाभावी जगदीश प्रसाद गुप्ता का 57 वर्ष की उम्र में बीमारी के चलते उपचार के दौरान इंदौर अस्पताल में गुरुवार सुबह निधन हो गया. निधन की जानकारी मिलते ही पड़ोसियों, समाजजनों, रिश्तेदारों, एवं इष्टमित्रों में शोक की लहर छा गई. जिनकी शव यात्रा निज निवास पडाना सदर बाजार से गुरुवार दोपहर 2 बजे निकलते हुए बाईपास स्थित सार्वजनिक मुक्ति धाम ले जाया गया. इस दौरान शव यात्रा में ग्राम पंचायत सरपंच गोकुल प्रसाद दुगरिया, पूर्व सरपंच यशवंत माली, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मोहनलाल शर्मा, प्रदुमन परमार, अनिल सोनी, ओम परमार, अमन वर्मा, राधेश्याम चौरसिया, अजय महेश्वरी, शरद सक्सेना, विकास परमार, राधेश्याम शर्मा, दिनेश परमार, विपिन सक्सेना, दिनेश सेन, गोविंद बरेठा सहित नगर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन सहित वैश्य मैडतवाल समाजजन शव यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. वही उनके पुत्र विशाल गुप्ता, अनुज महेश गुप्ता, लखन गुप्ता इत्यादि ने मुखाग्नि दी.

### खराब रास्ते से आने जाने को मजबूर

**पड़ाना 05 मार्च, सं.** नगर के आवास कॉलोनी में करीबन 200 से अधिक परिवार निवासरत है इन परिवार के सदस्य, स्कूली बच्चे एवं छात्र-छात्राएं अस्पताल इत्यादि के लिए जिस मार्ग से आत जाते है उस मार्ग की हालत दयनिय खस्ताहाल है. मजबूरी के कारण रहवासियों को आना जाना करना पड़ रहा है. इसी आवास कॉलोनी में एक गाली ऐसी है जहां विगत 15 वर्षों से कोई विकास नहीं हुआ है. धरातल पर देखे तो इस गली में नाली का अभाव बना हुआ है. वही रोड पर अब घास उग रही है. इस गली की सबसे विचारणी पहलू यह है कि वर्तमान सरपंच के पूर्व कार्यकाल के समय इस गली की कायाकल्प की गई इसके बाद अभी तक इस गली का विकास नहीं हुआ.

### ब्रह्माकुमारी आश्रम में मनाया होली स्नेह मिलन

**राजगढ़ 05 मार्च, का.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजगढ़ के शिव वरदान भवन में होली मिलन एवं भाई दूज का पर्व अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. होली पर्व के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए बीके मधु दीदी ने बताया कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि जीवन परिवर्तन का संदेश देने वाला उत्सव है. इस अवसर पर राजेंद्र जोशी एवं समाजसेवी प्रतापसिंह सिसोदिया ने शुभकामनाएं दी. बच्चों ने सुंदर-सुंदर एक्टिविटी कराई कु. तनिष्क व अकक्षी ने सुंदर नृत्य किया. राधे कृष्ण द्वारा सभी पर गुलाबाशी, पुष्प वर्षा, गुलाल का टीका लगाकर होली पर्व मनाया. इसके पश्चात सभी ने राधे कृष्ण के साथ मिलकर रास किया.

# 70 वर्षीय दादी की जीभ काटकर हत्या

## रिश्ते शर्मसार-पोते को पुलिस ने दादी की हत्या के आरोप में सबूतों के आधार पर हिरासत में लिया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/खिलचीपुर 05 मार्च, सं. भोजपुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है. वारदात अपनों के द्वारा इतनी क्रूरता से की गई है. जिससे अपराधी की मानसिकता और उद्देश्य को समझना हर किसी की समझ से परे है. भोजपुर थाना क्षेत्र में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की पुलिस के अनुसार उसके पोते ने निर्मम हत्या कर दी.**

बुधवार को महिला गांव के पास एक गेहूं के खेत में गंभीर घायल अवस्था में मिली थी. जिसकी नाक और जीभ काट दी गई थी. खिलचीपुर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बिना समय गंवाए घायल बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए तुरंत खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती कराया. अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को बचाने का प्रयास किया, लेकिन शरीर पर गंभीर चोटें थीं और काफी खून बह चुका था. अत्यधिक रक्तस्राव के कारण ही महिला की मौत हो गई.



### बर्बरता से की हत्या

इस खौफनाक हत्याकांड की जांच में पुलिस को चौंकाने वाले तथ्य मिले हैं. सूत्रों के हवाले से सामने आया है कि मृतका के साथ हत्या से पहले रेप किया गया था. दरिंदगी के बाद बर्बरतापूर्वक उसकी नाक और जीभकाट दी गई. इस जघन्य वारदात को अंजाम देने का आरोप किसी और पर नहीं, बल्कि मृतका के सगे पोते पर ही लगा है.

### आरोपी हिरासत में, पूछताछ जारी

सूत्रों के अनुसार, इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने का आरोप मृतका के सगे पोते पर है. जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. जानकारी के अनुसार, पुलिस को बुधवार को सूचना मिली थी कि भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित गेहूं के खेत में एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल पड़ी है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची. वहां 70 वर्षीय महिला लहुलूहान हालत में पड़ी थी और बर्बरता करते हुए उसकी नाक तथा जीभ काट दी गई थी. वृद्धा की नाक और जीफ कटी हुई मिली. शुरुआती सुराग और सबूतों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पोते को हिरासत में ले लिया है. फिलहाल पुलिस आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि आखिर उसने अपनी ही दादी के साथ इस खौफनाक और शर्मनाक वारदात को अंजाम क्यों दिया. पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का आधिकारिक खुलासा कर सकती है. शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है.





# गर्मी शुरू होने के पहले ही विद्युत उपकरणों में फाल्ट

## सब स्टेशन पर दोपहर में डीओ फुंका, डेढ़ घंटे तक गुल रही बिजली

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 मार्च, का. अभी गर्मी की शुरुआत ही नहीं हुई है इसके पूर्व ही विद्युत उपकरण में फाल्ट होने के मामले सामने आने लगे है, गुरुवार की दोपहर को शहीद कॉलोनी स्थित विद्युत सब स्टेशन पर डीओ फुंक जाने से करीब डेढ़ घंटे तक नगर में बिजली सप्लाई ठप्प रही.**

जानकारी के अनुसार शहीद कॉलोनी स्थित विद्युत सब स्टेशन पर दोपहर लगभग 3.45 बजे एकाएक डीओ में खराबी आ गई, इससे सिटी फीडर के तहत विद्युत सप्लाई बंद हो गई. मौके पर पहुंची टीम द्वारा फाल्ट को दुरस्त कर बिजली सप्लाई बहाल की जा सकी. फाल्ट के कारण शहीद कॉलोनी, पुराना बस स्टेण्ड, पीपल चौराहा, मैन मार्केट सहित अन्य जगह पर बिजली सप्लाई ठप्प हो गई. विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहीद कॉलोनी स्थित डीओ में खराबी आ गई थी जिसे दुरस्त कर दिया गया. इसके चलते सिटी फीडर के तहत बिजली सप्लाई बाधित हुई.

**सतत् रुप से किया जाता है मैंटेनेंस** -विद्युत उपकरणों के रख रखाव को लेकर विद्युत वितरण कम्पनी के द्वारा समय-समय पर मैंटेनेंस कार्य किया जाता है, मैंटेनेंस के दौरान कई घंटे तक विद्युत सप्लाई बंद रखी जाती है. बावजूद इसके आये दिन विद्युत उपकरणों में फाल्ट होने की घटनाएं होती रहती है. बारिश में थोड़ीह्य बहुत हवा चलते ही फाल्ट होकर घंटो तक बिजली सप्लाई ठप्प हो जाती है. अब जबकि गर्मी के दिनों की शुरुआत भी नहीं हुई है कि विद्युत उपकरणों में फाल्ट होने लगे है.

गुरुवार की दोपहर को शहीद कॉलोनी सब स्टेशन पर डीओ में खराबी आ गई. अभी तो गर्मी की शुरुआत भी नहीं हुई है विद्युत उपकरणों में फाल्ट होने लगे है, समय रहते यदि विद्युत उपकरणों की देखरेख नहीं की गई तो गर्मी के दौरान समस्या कहीं अधिक विकट रुप ले सकती है.

# उपार्जन को लेकर कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 05 मार्च, सं.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छापीहेडा तथा किसानों ने नायब तहसीलदार विनीत गोयल को आवेदन देकर रबि फसल 2026 में किसानों की उपज का फसल गेहूं की ई उपार्जन पर पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान हो रहे हैं.

सरकारी आईडी को एक ही निजी कंप्यूटर पर देने से किसान पंजीयन नहीं होने से परेशान हो रहे है. आईडी पर पूरे ऑप्शन नहीं होने के कारण फसल पंजीयन नहीं हो पा रहा है. आईडी केंद्र बढ़ाया जाए राज्यपाल के नाम से ज्ञापन देकर रबि फसल 2026 गेहूं की ई उपार्जन की मात्रा 20 क्विंटल प्रति बिघा की जाए. किसानों की समस्या को व्यवस्था नहीं सुधरी तो कांग्रेस आंदोलन करेंगे. इसकी जवाबदारी प्रशासन की रहेगी कांग्रेस कार्यकर्ता किसान मौजूद थे.



### जय रणछोड़ समिति ने मनाई होली

**राजगढ़ 05 मार्च, का.** जय रणछोड़ समिति द्वाराबुधवार शाम नवीन मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में होली का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा. इसके पश्चात भजन संध्या में जब आज बिरज में होली रे रसिया सहित विभिन्न फाग और होली के पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति हुई तो श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे. समिति के संजय विजयवर्गीय एवं श्रीमती माया विजयवर्गीय ने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों एवं उपस्थित भक्तों का आभार व्यक्त किया.

# राज्य स्तरीय कैंप में आनन्द व शिवानी करेंगे प्रतिनिधित्व

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 मार्च, का.** कॉलेज के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय शिविर हेतु आनन्द शर्मा एवं शिवानी सूर्यवंशी का चयन हुआ है. यह प्रतिष्ठित शिविर 7 से 14 तारीख तक चित्रकूट में आयोजित किया जाएगा. इस राज्य स्तरीय शिविर के लिए चयन प्रक्रिया निर्धारित मानकों एवं साक्षात्कार के आधार पर संपन्न हुई. जिसमें प्रदेश भर से हजारों स्वयंसेवकों में से सीमित प्रतिभागियों का चयन किया गया. ऐसे में इस शिविर में स्थान प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है. शिविर में लगभग 700 स्वयंसेवकों के मध्य वे राजगढ़ की भाषा, वेशभूषा, लोकसंस्कृति एवं परंपराओं का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा विभिन्न शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाएंगे. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ वी बी खरे द्वारा चयनित स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी. जिला संगठक डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा ने दोनों स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल प्रदर्शन की कामना की. उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे कॉलेज के लिए गर्व का विषय है. राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है. यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है. बल्कि पूरे कॉलेज परिवार के लिए प्रेरणादायक क्षण है.





### झाडला में भाईचारे के साथ मनाया महापर्व

**झाडला 05 मार्च, सं.** झाडला गांव और आस पास के क्षेत्र में इस बार होली का महाउत्सव रंगों के साथ पूरे उत्साह के साथ मनाया गया. गांव के सभी मंदिर मे भगवान की पूजा अर्चना के साथ होली का त्यौहार शुरू हुआ. गांव के मुख्य सड़को से लेकर गलियों तक गुलाल की उड़ती खुशबू और होली है के शोर ने माहौल को रंगीन बनाया.

# वनविभाग के उड़नदस्ते ने पिकअप से अवैध लकड़ी जब्त की



नवभारत न्यूज

**खुजनेर 05 मार्च, सं.** वन अमले ने गुरूवार को गश्त के दौरान संदिग्ध तौर पर लकड़ी से भरी पिकअप को जब्त किया है. उड़न दस्ता टीम द्वारा गुरूवार को अली ऊसन पिता मुमताज खा उम्र 30 वर्ष द्वारा लीमा चौहान से रसूलपुरा में एक अशोक लीलैंड आम माहलिम लकड़ी से भरा आता हुआ दिखाई दिया. टीम ने पिकअप को रोक कर वाहन चालक उस्मान से लकड़ियों के संबंध में दस्तावेज मांगे लेकिन चालक के पास किसी प्रकार के कोई वैध कागजात नहीं पाए गए. जिसपर वन अमले द्वारा मौके पर पंचनामा एवं जप्तीनमा तैयार कर अशोक लीलैंड वाहन सहित आरोपी अली ऊसन पर वनोपज नियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है. मय लकड़ी के वाहन अपने कब्जे में लिया गया. वन मंडल अधिकारी वेणीप्रसाद दौतानिया, उपवन अधिकारी दिनेश यादव के निर्देश पर उड़नदस्ता प्रभारी डीके भिलाला, जीपी अरमा, रणजीत गुर्जर, बबीता रघुवंशी, विद्या कुंभकार, वाहन चालक सुमेर सिंह, जितेंद्र चौकीदार, बनेसिंह, महेश आदि कार्यवाही में शामिल रहे.

# हर्षोल्लास से मनाया रंगों का त्योहार होली

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 05 मार्च, सं.** नगर में होलीका पर्व बड़े हर्ष उल्लासपूर्ण एवं सौहार्द के वातावरण में मनाया गया. होलीका पर्व को लेकर बीती रात्रि में नगर के विभिन्न 16 स्थान एवं युवाओं द्वारा अन्य जगहों पर भी होलिका दहन किया गया. जहां पर नगर की महिलाओं द्वारा होलीका पूजन एवं होली ठंडी करने की परंपरा का निर्वहन किया गया. प्रातः नगर के अलग-अलग समाज के महिला पुरुष युवा वर्ग द्वारा उनके समाज के परिवारों में विगत वर्ष में हुई गमी पर रंग डाला गया. मेडतवाल समाज द्वारा परम्परा अनुसार समाजजन मेडतवाल धर्मशाला बुधवारिया बाजार में एकत्रित हुए जहां से बड़ा रावला होते हुए मेडतवाल समाज के उन 14 परिवारों में पहुंचकर रंग डाला. नगर के भावसार, ब्राह्मण, बृजवासी, राठौर, धोबी रजक, अग्रवाल माहेश्वरी, स्वर्णकार, मालाकार समाज सहित अन्य समाज जनों ने रंग डाला.





**अनदेखी** ▶ **जिले की सबसे बड़ी पंचायत पड़ाना में जमीनी हकीकत से आंख बचा रहे जिम्मेदार**

# ग्रामीण अंचलों में कागजों पर चल रहा स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 05 मार्च, सं. एक और जहां सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर लाखों रुपया खर्च कर रही है लेकिन सारंगपुर जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली अधिकांश ग्राम पंचायत में कागजों में नालियों की साफ सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. साफ सफाई नहीं होने के कारण चौराहा पर गंदगी का अंबार है.**

यह स्थित पडाना, नारायणपुर, बरुखेड़ी में स्थिति बेहद गंभीर है जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम प्रधान लापरवाह बने बैठे है. अन्य ग्राम पंचायत मैं भी महिनों से नालिया चौक है. घरों से निकलने वाला गंदा पानी चौराहे एवं सड़क पर इकट्ठा होकर बदबू मार रहा है. लेकिन जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे रहे है. जिससे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है.



स्वच्छता एवं साफ सफाई के नाम पर प्रतिमहा हजारों रुपए का बिल वाउचर लगाकर स्वच्छता के नाम की राशि डकार रहे हैं. लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं किया जा रहा है. ऐसी ही स्थिति जनपद क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पड़ाना का हाल है जहां जिम्मेदार मुख दर्शक बनकर रोड पर फैली गंदगी एवं कचरो से भारी नालियां के नजारो देख कर नजर अंदाज कर रहे हैं.

ऐसी ही हालात समीप ग्राम नारायणपुर बरूखेड़ी की है जहां दर्जनों की संख्या में आसपास के रहवासी सहित रमजान के पवित्र माह में इन दिनो सुबह शाम नमाजीऔ को मस्जिद में इबादत करने के लिये गंदे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है. ग्राम पंचायत द्वारा आधा अधूरा खरंजा एवं नाली निर्माण किया गया जिस कारण रोड पर गंदा पानी भरा है जिससे आसपास के रहवासियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है वही बीमारी होने की आशंका है लेकिन लापरवाह ग्राम प्रधान द्वारा अभी तक पानी निकासी नहीं की गई.

### यहां फैली रहती है 12 महीना गंदगी

ऐसी हालत नगर के मध्य से गुजरा काकरिया सारंगपुर मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण किसान, दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहनों के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों का भी आना-जाना लगा रहता है लेकिन मुख्य चौराहे से गंदगी ना हटाना लापरवाही उजागर कर रहा है. जहां स्थिति देखकर ऐसा लगता है कि महीनो से कोई साफ सफाई नहीं हुई है. उक्त मार्ग से थोड़ी ही दूरी पर प्राचीन मां आशापुरी मंदिर एवं ईदगाह है. लेकिन इस मार्ग पर फैल रही गंदगी का स्थाई समाधान ग्राम पंचायत द्वारा अभी तक नहीं किया गया. केवल औपचारिक निभाई जा रही है.



# संगीत निशा में कलाकारों को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 05 मार्च, सं.** हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में होली उत्सव के तहत तीसरे दिन बुधवार रात्रि को संगीत निशा का आयोजन किया गया. जिसमें स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा अपने भजन गजल तथा होली के गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां देकर अपनी कला का प्रदर्शन किया. शुभारंभ फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी, ओम पुष्पद, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, गुरु चरण गोड, विकास विजयवर्गीय, दिनेश अहिरवार सहित अतिथियों ने किया. गायिका कु प्रेक्षा सोनी ने गणेश वंदना तथा डा. हिमानी सोनी ने सरस्वती वंदना के साथ संगीत निशा का आगाज किया. वहीं स्थानीय गायक कलाकार सुशील व्यास, रामगोपाल राठोर, बाबूलाल पुष्पद, गौरव संतोष सोनी, सुभाष सोनी, विरेन्द्र बृजवासी, कमल राठौर, कुशल शर्मा चंद्रशेखर सोनी, राधेश्याम मालवीय, रवि राठौर, अरुण आर्य, कानड मंगेश भावसार, प0 नीरज द्विवेदी शाजापुर सहित लगभग 20 से अधिक गायक कलाकारों द्वारा अपने-अपने भजन होली के गीत गजल की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी. वही वाद्य यंत्र की बोर्ड पर सिंगर चंदन तबला शुभम भावसार ढोलक अभय भावसार आक्टोपिड पर सतीश राव ने संगत दी. समाजसेवी स्वर्गीय चांदमल जैन की स्मृति में उनके पुत्र अनिल जैन द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किया. अशोक साहू सतीश मिश्रा, सतीश राठौर, महेश पाटीदार, सतीश गिरजे, इशांत मंगल, दिनेश सिसोदिया सहित अन्य सदस्यों द्वारा अतिथियों एवं कलाकारों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया. संचालन संतोष सोनी, नयनतारा एवं सुशील व्यास तथा आभार महामंत्री वैभव पुष्पद ने माना.